**भारत सरकार**

**श्रम और रोजगार मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 5873**

**सोमवार, 30 मार्च, 2026/09 चैत्र, 1948 (शक)**

**ई-श्रम पोर्टल पर सामाजिक सुरक्षा उपाय**

**5873. श्री छोटेलाल:**

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सोनभद्र जिले के रॉबर्ट्सगंज में स्थित एन.टी.पी.सी. शक्तिनगर और हिंडाल्को जैसे उद्योगों में कार्यरत ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों की संख्या कितनी है और उन्हें प्रदान किए जा रहे सामाजिक सुरक्षा लाभों का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार का घरेलू और कुटीर उद्योगों में लगे श्रमिकों के लिए न्यूनतम मजदूरी, स्वास्थ्य बीमा और पेंशन जैसे सामाजिक सुरक्षा उपायों के प्रभावी कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने हेतु कोई विशेष कदम उठाने या किसी नई योजना को शुरू करने का विचार है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**श्रम और रोजगार राज्य मंत्री**

**(सुश्री शोभा कारान्दलाजे)**

(क) से (ग): श्रम और रोजगार मंत्रालय ने प्लेटफॉर्म कामगारों, प्रवासी कामगारों आदि सहित असंगठित कामगारों का एक व्यापक राष्ट्रीय डेटाबेस (एनडीयूडब्ल्यू) बनाने के लिए दिनांक 26 अगस्त, 2021 को ई-श्रम पोर्टल (eshram.gov.in) का शुभारंभ किया। ई-श्रम पोर्टल, गिग और प्लेटफॉर्म कामगारों सहित असंगठित कामगारों को पंजीकृत करता है और उन्हें स्व-घोषणा के आधार पर एक सार्वभौमिक खाता संख्या (यूएएन) प्रदान करता है।

दिनांक 22 मार्च 2026 तक की स्थिति के अनुसार, सोनभद्र जिले में 7,90,343 से अधिक असंगठित कामगारों सहित 31.57 करोड़ से अधिक असंगठित कामगारों को ई-श्रम पोर्टल पर पहले ही पंजीकृत किया जा चुका है।

सोनभद्र में विभिन्न सामाजिक कल्याण योजनाओं के अंगर्तग नामांकित ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत असंगठित कामगारों का ब्यौरा अनुबंध में दिया गया है।

असंगठित कामगारों के लिए विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं तक पहुंच सुनिश्चित करने हेतु ई-श्रम को 'वन-स्टॉप-सॉल्यूशन' के रूप में विकसित करने की बजट घोषणा वर्ष 2024-25 के विज़न के अनुरूप, श्रम और रोजगार मंत्रालय ने दिनांक 21 अक्टूबर, 2024 को ई-श्रम–"वन-स्टॉप-सॉल्यूशन" का शुभारंभ किया। ई-श्रम–"वन-स्टॉप-सॉल्यूशन" के अंतर्गत विभिन्न सामाजिक सुरक्षा/कल्याणकारी योजनाओं को एक ही पोर्टल अर्थात ई-श्रम पर एकीकृत किया गया है। यह ई-श्रम पर पंजीकृत असंगठित कामगारों को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं तक पहुंचने और ई-श्रम के माध्यम से अब तक उनके द्वारा प्राप्त किए गए लाभों को देखने में सक्षम बनाता है।

जारी...2/-

अब तक, विभिन्न केंद्रीय मंत्रालयों/ विभागों की चौदह (14) योजनाओं को ई-श्रम के साथ एकीकृत/मैप किया जा चुका है, ताकि ई-श्रम कार्डधारकों को सामाजिक सुरक्षा, बीमा या कौशल विकास कार्यक्रमों का लाभ और पहुंच प्रदान की जा सके, जिनमें प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि (पीएम-स्वनिधि), प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई), प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई), विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एण्ड आजीविका मिशन (ग्रामीण) (वीबी-जी आरएएम जी), प्रधानमंत्री आवास योजना - ग्रामीण (पीएमएवाई-जी), आयुष्मान भारत - प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई), प्रधानमंत्री आवास योजना - शहरी (पीएमएवाई-यू), प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (पीएमएमएसवाई), प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान), वन नेशन वन राशन कार्ड (ओएनओआरसी) और प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (पीएमएमवीवाई) आदि शामिल हैं।

उपर्युक्त के अलावा, ई-श्रम, रोजगार के अवसरों के लिए नेशनल करियर सर्विस (एनसीएस), कौशल विकास के लिए स्किल इंडिया डिजिटल हब (एसआईडीएच), पेंशन के लिए प्रधानमंत्री श्रम योगी मान-धन (पीएम-एसवाईएम) और आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय (एमओएचयूए) के कन्वर्जेंस पोर्टल के साथ भी जुड़ा हुआ है।

सरकार, कृषि आधारित खाद्य प्रसंस्करण, मधुमक्खी पालन, वस्त्र, चमड़ा आदि जैसे कार्यकलापों में शामिल कुटीर उद्योगों सहित नए सूक्ष्म उद्यमों की स्थापना में उद्यमियों की सहायता करने हेतु खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) के माध्यम से एमएसएमई मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण के अंतर्गत प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) का कार्यान्वयन कर रही है।

*

****

**अनुबंध**

**"ई-श्रम पोर्टल पर सामाजिक सुरक्षा उपाय" के संबंध में श्री छोटेलाल द्वारा दिनांक 30.03.2026 को पूछे गए लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 5873 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध।**

दिनांक 22.03.2026 तक की स्थिति के अनुसार, सोनभद्र में विभिन्न सामाजिक कल्याण योजनाओं के अंतर्गत नामांकित ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत असंगठित कामगारों का ब्यौरा।

| **क्र.सं** | **योजनाएं** | **नामांकन** |
|---|---|---|
| 1 | वन नेशन वन राशन कार्ड (ओएनओआरसी) | 6,90,561 |
| 2 | प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि (पीएमस्वनिधि) | 4,266 |
| 3 | विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एण्ड आजीविका मिशन (ग्रामीण) (वीबी-जी आरएएम जी) | 1,84,644 |
| 4 | प्रधानमंत्री आवास योजना - ग्रामीण (पीएमएवाई-जी) | 38,268 |
| 5 | इंदिरा गांधी राष्ट्रीय निःशक्तता पेंशन योजना (आईजीएनडीपीएस) | 7 |
| 6 | इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना (आईजीएनडब्ल्यूपीएस) | 17 |
| 7 | प्रधानमंत्री आवास योजना - शहरी (पीएमएवाई-यू) | 7,884 |
| 8 | प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (पीएमएमएसवाई) | 0 |
| 9 | प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई) | 1,898 |
| 10 | प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई) | 59,168 |
| 11 | आयुष्मान भारत - प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) | 3,17,866 |
| 12 | प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) | 92,302 |
| 13 | प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (पीएमएमवीवाई) | 1,369 |

****